सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की मासिक पत्रिका

कोल इण्डिया Coal India


स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

आज़ादी का अमृत महोत्सव

G20 भारत 2023 INDIA
वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

अंक : 588 वर्ष 44 राँची, जनवरी, 2023

# अपनी बात



# कोयला सचिव श्री अमृत लाल मीना का सीसीएल दौरा

## एमआईएस एवं ई–वाहन का उद्घाटन

दिनांक 11 जनवरी को सचिव (कोयला), कोयला मंत्रालय, भारत सरकार, श्री अमृत लाल मीना ने सीसीएल के स्वास्थ्य संबंधी हॉस्पीटल मैनेजमेंट सिस्टम (एमआईएस) एवं ई– वाहन (Battery Based Vehicle) का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अध्यक्ष, कोल इंडिया, श्री प्रमोद अग्रवाल, अपर सचिव, कोयला मंत्रालय, भारत



एमआईएस का उद्घाटन करते माननीय कायला सचिव श्री अमृत लाल मीना, साथ में सीएमडी, सीसीएल श्री पी. एम. प्रसाद एवं अन्य

सरकार, श्री एम. नागराजू, सीएमडी, सीसीएल श्री पी.एम. प्रसाद, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना), श्री बी. साईराम, निदेशक (वित्त), श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (कार्मिक), सीसीएल, श्री हर्ष नाथ मिश्र, सीवीओ, श्री पंकज कुमार, सीएमएस, सीसीएल डॉ. मीता पॉल सहित सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष एवं चिकित्सकगण उपस्थित थे।



ई–वाहन को हरी झंडी दिखाते कोयल सचिव, श्री अमृत लाल मीना, कोल इंडिया लि. के अध्यक्ष श्री प्रमोद अग्रवाल एवं अन्य गणमान्य लोग

सचिव (कोयला), श्री अमृत लाल मीना ने अपने संबोधन में कहा कि इस एमआईएस प्रणाली से सीसीएल के सभी कर्मियों को विशेष लाभ मिलेगा एवं उनका रिकार्ड डिजिटल रूप से व्यवस्थित रहेगा। उन्होंने कहा कि सीसीएल के गांधीनगर अस्पताल सहित सीसीएल के क्षेत्रीय अस्पतालों में ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए कि सीसीएल कर्मी सहित स्टेकहोल्डर्स अपनी सुविधानुसार लाभन्वित हो सके।

अध्यक्ष, श्री प्रमोद अग्रवाल ने कहा कि मुझे गर्व है कि कारोना समय में भी सीसीएल सहित कोल इंडिया के अन्य अस्पतालों ने अपना उत्कृष्ट योगदान दिया और मुझे विश्वास है कि आगे भी इसी तरह सराहनीय कार्य हमारे चिकित्सक एवं पारा मेडिकल स्टाफ करते रहेंगे।

सीसीएल के चिकित्सक डॉ शिल्पी ने पीपीटी के माध्यम से उपस्थित अतिथियों को एमआईएस के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

ज्ञातव्य हो कि सीसीएल के सीएमडी, श्री पी.एम. प्रसाद के मार्गदर्शन में सीसीएल में 16 ई–वाहन को किराया पर लिया गया है और कंपनी में पहली बार ई वाहन का उपयोग किया जायेगा इसका उद्देश्य ईको फ्रेडली परिवेश को बढ़ावा देना है जिससे कि प्रदुषण नियंत्रण में मदद मिलेगी।

## 'खेल अकादमी' का निरीक्षण

सचिव (कोयला), कोयला मंत्रालय, भारत सरकार, श्री अमृत लाल मीना ने खेलगांव स्थित 'खेल अकादमी (जेएसएसपीएस)' का भी दौरा कर स्पोर्टस कैडट्स को प्रोत्साहित किया। उन्होंने स्पोर्ट्स कैडेटों से सीधे बातचीत की और वहाँ के व्यवस्था के बारे में जानकारी लिया। इस अवसर पर अध्यक्ष, कोल इंडिया, श्री प्रमोद अग्रवाल, अपर सचिव, कोयला मंत्रालय, भारत सरकार, श्री एम. नागराजू, सीएमडी, सीसीएल श्री पी.एम. प्रसाद, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना), श्री बी. साईराम, निदेशक (वित्त), श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (कार्मिक), सीसीएल, श्री हर्ष नाथ मिश्र, सीवीओ, श्री पंकज कुमार सहित खेल अकादमी के सीईओ (एलएमसी), श्री गिरिश राठौर एवं अन्य उपस्थित थे।

श्री मीना ने स्पोटर्स के अलग–अलग विंग जैसे एथलेटिक्स, बॉक्सींग, आर्चरी आदि के प्रशिक्षुओं से मिलकर उनके उपलब्धि के बारे में जानकारी प्राप्त किया। साथ ही उन्होंने प्रशिक्षकों से संवाद किया और बच्चों को बेहतर प्रदर्शन करने के बारे में सुझाव दिया।



खेल अकादमी के कैडटों के साथ कोयला सचिव श्री अमृत लाल मीना, कोल इंडिया लि. के अध्यक्ष श्री प्रमोद अग्रवाल, सीसीएल के सीएमडी श्री पी. एम. प्रसाद, निदेशकगण एवं अन्य

अध्यक्ष, कोल इंडिया, श्री प्रमोद अग्रवाल ने भी सभी कैडेट्स को प्रेरित करते हुये कहा कि कि आपको कड़ी मेहनत और लगन से देश के लिए अनेकों स्वर्ण पदक हासिल करना है जिससे हम सभी गौरवान्वित हों।

सीएमडी, श्री पी.एम. प्रसाद ने सभी कैडट्स से बातचीत करते हुये कहा कि आप सभी अपने मेहनत, परिश्रम से निरंतर आगे बढ़ते रहें, और राज्य एवं देश का नाम रौशन करें, हम सभी आपके साथ है।

ज्ञातव्य हो कि जेएसएसपीएस राज्य एवं सीसीएल के संयुक्त रूप से संचालित खेल अकादमी है जहाँ झारखण्ड के बच्चों को स्पोटर्स के अलग–अलग विंग जैस एथलेटिक्स, बॉक्सींग, आर्चरी आदि में विश्वस्तीय प्रशिक्षण दिया जाता है।

# 'ऑनलाइन समाधान पोर्टल' का उद्घाटन

सीसीएल में 'ऑनलाइन समाधान पोर्टल' का शुभारंभ किया गया जिसका उद्घाटन सीसीएल के निदेशक (कार्मिक), श्री हर्ष नाथ मिश्र ने किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (समाधान), सुश्री रश्मि दयाल, महाप्रबंधक (प्रणाली), श्री वी.एस. महाराज, निदेशक (कार्मिक) के तकनीकी सचिव, श्री नवनीत कुमार, नोडल अधिकारी समाधान मुख्यालय, श्री अंकुर मिनोचा सहित विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं क्षेत्रीय नोडल अधिकारीगण उपस्थित थे।



ऑनलाइन समाधान पोर्टल का उद्घाटन करते निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र

निदेशक (कार्मिक), हर्ष नाथ मिश्र ने कहा कि अब कोई भी अपनी समस्या ऑनलाइन समाधान पोर्टल पर दर्ज कर सकता है जिसे ऑनलाइन ट्रैक (जानकारी) किया जा सकता है। आपके द्वारा दर्ज समस्याओं का निपटारा समयबद्ध रूप से किया जायेगा।

ज्ञातव्य हो कि सीएमडी, सीसीएल, श्री पी.एम. प्रसाद के मार्गदर्शन में कंपनी को "जीरो ग्रीवान्स कंपनी" बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। विगत कुछ वर्षों से कंपनी में सीसीएल कर्मी सहित स्टेकहोल्डर्स की समस्याओं का निवारण करने हेतु एवं पूरी प्रणाली में पारदर्शिता लाने के लिए मुख्यालय के साथ–साथ सभी क्षेत्रों में समाधान केंद्र का संचालन किया जा रहा है। समाधान केन्द्र का टोल फ्री नंबर 18003456501 तथा ऑनलाईन पोर्टल https://www-centralcoalfields-in/ccl_cmplnt/ के माध्यम से भी अपनी समस्याओं के समाधान हेतु सम्पर्क कर सकते हैं।

# सीसीएल में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर 26 जनवरी को सीसीएल के गांधीनगर कॉलोनी, कांके रोड, रांची स्थित 'महात्मा गांधी क्रीड़ांगण' में सीसीएल के सीएमडी, श्री पी.एम. प्रसाद ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया तथा सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई दी। उन्होंने सीसीएल सुरक्षा कर्मियों, सीआईएसफ जवानों, आर्मी बैन्ड के जवानों एवं छात्र–छात्राओं के मिली–जुली परेड का निरीक्षण किया।

समारोह में निदेशक तकनीकी (संचालन), श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना), श्री बी. साईराम, निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, उनकी धर्मपत्नी श्रीमती इंदू मिश्र, सीवीओ, श्री पंकज कुमार सपरिवार, सीआईएसएफ के डीआईजी डॉ. डी.पी. परिहार, सीएमडी के तकनीकी सचिव श्री आलोक सिंह, विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, अधिकारी, श्रमिक यूनियन के प्रतिनिधिगण, सीसीएल कर्मी सपरिवार तथा आम लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



राष्ट्रीय ध्वज फहराते सीएमडी श्री पी. एम. प्रसाद

सीएमडी, श्री प्रसाद ने अपने संबोधन में सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दी। उन्होंने अमर शहीदों एवं संविधान के निर्माताओं को याद करते हुये कहा कि हमारा देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है और हम 'अमृत काल' में प्रवेश कर चुके हैं साथ ही जी–20 देशों की अध्यक्षता करना भारत के लिए 'अमृत काल' की शुरुआत है। सीसीएल भी दोहरे अंक में वृद्धि दर्ज करते हुये वर्तमान वित्तीय वर्ष के उत्पादन लक्ष्य 76 मिलियन टन (एमटी) को प्राप्त करने की दिशा में अग्रसर है।

उन्होंने कहा कि सीसीएल में पहली बार फर्स्ट माईल कनेक्टीविटी प्रोजेक्ट का शुभारंभ हुआ है जिससे पर्यावरण के अनुकूल कोयले की निकासी एवं परिवहन संभव हो पाएगा और खनन क्षेत्र में रहने वाले लोगों को इसका विशेष लाभ मिलेगा। कंपनी द्वारा अपने सीएसआर गतिविधियों के तहत शीघ्र ही राँची में 200 बेड की एक 'सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल' का निर्माण किया जाएगा जिसमें चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था होगी। इसके लिए झारखण्ड सरकार ने राँची में सीसीएल को 5.5 एकड़ जमीन उपलब्ध कराया है। इतना ही नहीं, कमांड क्षेत्र में 11 डिजिटल डिस्पेंशरी शुरुआत की गई है जिनमें मरीजों को टेली कम्यूनिकेशन के माध्यम से चिकित्सीय सेवा दी जा रही है।




अवसर विशेष पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते सीएमडी श्री पी. एम. प्रसाद



पैरेड की सलामी लेते सीएमडी श्री पी. एम. प्रसाद

उन्होंने कहा कि इस वर्ष कोल इंडिया के सहयोग से रांची युनिवर्सिटी में विद्यार्थियों एवं आमजन के लिए 65.25 करोड़ की लागत









गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों द्वारा प्रस्तुत झाँकियों की एक झलक

से 5000 सीट वाले अत्याधुनिक स्टेट लाइब्रेरी का निर्माण किया जायेगा। सीसीएल द्वारा हितधारकों के समावेशी विकास के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है जिनमें 'सीसीएल के लाल एवं लाडली' एवं जेएसएसपीएस प्रमुख है।

अवसर विशेष पर सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों द्वारा देशभक्ति से ओत–प्रोत झांकियों का प्रदर्शन किया गया, साथ ही सीआईएसएफ के जवानों द्वारा 'डॉग शो' का भी प्रदर्शन किया गया जिसे सभी ने खूब सराहा। डी.ए.वी., गांधीनगर एवं ज्ञानोदय के बच्चों ने भी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर शांति एवं प्रगति के प्रतीक के रूप में तीन रंगो वाले गुब्बारे को सीएमडी, सीसीएल श्री पी.एम. प्रसाद एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों ने आकाश में छोड़े। कार्यक्रम के अंत में सुरक्षाकर्मियों, परेड में शामिल प्लाटून कमांडर्स, परेड कमांडर को सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद ने पुरस्कार प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन मुख्य प्रबंधक (कार्मिक), श्री संजय एवं उप प्रबंधक (सीडी) श्रीमती पूजा प्रसाद ने की।

इससे पूर्व सीएमडी, श्री पी.एम. प्रसाद ने खेल अकादमी, रांची में भी राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक (तकनीकी/यो. एवं परि.) श्री बी. साईराम, निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, सीवीओ श्री पंकज कुमार सहित जेएसएसपीएस कैडेट्स एवं अन्य उपस्थित थे।

निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र ने मुख्यालय, दरभंगा हाउस तथा केंद्रीय अस्पताल, गांधीनगर, रांची में राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा उपस्थित श्रम संघ के नेताओं, उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुये कहा कि वीर शहिदों एवं संविधान निर्माताओं के योगदान से भारत विश्व गुरू के रूप में उभर रहा है साथ ही सीसीएल भी देश को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

# सीसीएल 'आईसीएसआई–सीएसआर एक्सलेंस' अवार्ड से सम्मानित




अवार्ड प्राप्त करते हुए निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र एवं अन्य

दिनांक 06 जनवरी को मुंबई में आयोजित '22वाँ आईसीएसआई नेशनल अवार्ड' कार्यक्रम में सीसीएल को 'आईसीएसआई–सीएसआर एक्सलेंस अवार्ड' से सम्मानित किया गया। यह अवार्ड सीसीएल को सबसे बड़ी उत्कृष्ट कॉर्पोरेट कंपनी की श्रेणी में वर्ष 2022 के लिए प्रदान किया गया। सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, कंपनी सचिव श्री अमरेश प्रधान, महाप्रबंधक (सीएसआर) श्री बालकृष्ण लाडी ने भारत के माननीय पूर्व मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति श्री पी. सदाशिवम से यह अवार्ड ग्रहण किया।

सीएमडी, सीसीएल श्री पी.एम. प्रसाद ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये कहा कि सीसीएल अपने सीएसआर योजना के अंतर्गत शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल आदि के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि माननीय कोयला मंत्री, श्री प्रल्हाद जोशी के नेतृत्व में और सचिव (कोयला), श्री अमृत लाल मीना एवं कोल इंडिया के अध्यक्ष, श्री प्रमोद अग्रवाल के कुशल मार्गदर्शन में सीसीएल स्टेकहोलडर्स के समावेशी विकास के लिए सतत् प्रयासरत रहेगा।

निदेशक (कार्मिक), श्री हर्ष नाथ मिश्र ने कहा कि यह अवार्ड निश्चय ही सीसीएल टीम का मनोबल बढ़ायेगा और हम सभी को इस दिशा में और अधिक उत्साह के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित करेगा।

**खुद वो बदलाव बनिए, जो आप दुनिया में देखना चाहते हैं।**

– महात्मा गाँधी

# टीबी रोगियों के पोषण संबंधी सहायता हेतु सीसीएल ने किया समझौता ज्ञापन

दिनांक 02 जनवरी को टीबी उन्मूलन की दिशा में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) ने सीएसआर पहल के अंतर्गत रोगियों को पोषण संबंधी सहायता प्रदान करने के लिए चाइल्ड इन नीड इंस्टीट्यूट (सिनी) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। सीसीएल इस समझौता ज्ञापन के माध्यम से झारखण्ड राज्य के चतरा एवं लातेहार जिला में चिन्हित तपेदिक (टीबी) रोगियों को उनके घर तक मासिक पोषण बास्केट के साथ साथ मनोवैज्ञानिक संबल प्रदान करेगी।



समझौता ज्ञापन का एक दृश्य

इस योजना के लाभार्थी चतरा और लातेहार जिलों में उपचाराधीन टीबी के लगभग 1400 मरीज होंगे, जिन्होंने भारत सरकार के NI-KSHAY पोर्टल में पोषण सहायता प्राप्त करने हेतु सहमति दी है। इसके लिए, राज्य/जिला टीबी सेल एवं संबंधित जिला प्रशासन लाभार्थियों की पहचान करने में सीसीएल/कार्यकारी एजेंसी से मरीजों का विवरण साझा करेगी।

ज्ञातव्य हो कि 09 सितम्बर, 2022 को माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा 'प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान' की शुरुआत की गयी, जिसके अन्तर्गत 'नि–क्षय' पोर्टल नामक एक डिजिटल प्लेटफॉर्म प्रारंभ किया गया है ताकि इच्छुक मरीजों को पोषण हेतु गोद ले सकें। कंपनी ने सितंबर, 2022 में 'नि–क्षय' पोर्टल पर चतरा एवं लातेहार जिले के मरीजों को पोषण सुविधा प्रदान करने हेतु पंजीकरण किया है।

सीएसआर के माध्यम से सीसीएल का यह प्रयास, अपने कमांड क्षेत्र से जुड़े विकास कार्यों के साथ–साथ इन दो जिलों में टीबी उन्मूलन के प्रति प्रतिबद्धता का परिचायक है।

# प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

दिनांक 24.01.2023 को नराकास (उपक्रम), रांची के तत्वाधान में सीसीएल द्वारा आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का सफल आयोजन मानव संसाधन विकास विभाग के प्रकाश हॉल में श्री संजय कुमार, विभागाध्यक्ष (राजभाषा), सीसीएल की अध्यक्षता में हुई।

इस प्रतियोगिता में रांची स्थित 16 उपक्रमों के कार्यालयों से दो–दो प्रतिनिधियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता पांच राउंड में आयोजित की गई। जिसमें प्रथम स्थान – एन टी पी सी, द्वितीय स्थान – सीएमपीडीआई, तृतीय स्थान – कर्मचारी राज्य बीमा निगम, चर्तुथ स्थान – इंडियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड एवं पंचम स्थान – नेशनल फर्टीलाजर को मिला । उक्त प्रतियोगिता के आयोजन में नराकास के सचिव श्री रास बिहारी, श्री अभय मिश्रा, सीएमपीडीआई, श्री अविनाश कुमार श्रीवास्तव, मुख्य प्रबंधक (कार्मिक) एवं श्री स्वयं प्रकाश, मुख्य प्रबंधक (कार्मिक), सीसीएल ने अहम भूमिका निभाई। मंच संचालन श्री संजय कुमार, विभागाध्यक्ष (राजभाषा) एवं श्री दिविक दिवेश, सहायक प्रबंधक(राजभाषा) ने किया । अतं में विजयी प्रतियोभागियों को पुरस्कार–सह–प्रमाण–पत्र गणमान्य व्यक्तियों द्वारा दिया गया।

कार्यक्रम के सफल बनाने में राजभाषा विभाग, सीसीएल के सभी कार्मिकों की अहम भूमिका रही।

# सीसीएल में सेवानिवृत कर्मियों को भावभीनी विदाई




विदाई–सह–सम्मान समारोह का एक दृश्य

सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों में कार्यरत 16 कर्मियों – सर्वश्री/श्रीमती नरेंद्र पाल सिंह, महाप्रबंधक (खनन), सीसीएमसी विभाग, राजीव रंजन श्रीवास्तव, महाप्रबंधक (खनन), सीएमसी विभाग, रमेश झा, महाप्रबंधक (असैनिक), असैनिक विभाग, संजीव कुमार, महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष (उत्खनन), उत्खनन विभाग, एम.सी. एस. राव, महाप्रबंधक (ई एण्ड टी), ई एण्ड टी विभाग, राज कुमार सिंह, मुख्य प्रबंधक (उत्खनन), आईएसओ सेल (पर्यावरण) विभाग, श्रीकान्त राय, उप प्रबंधक (सचिवालय), निदेशक (कार्मिक) का सचिवालय, रमन कुमार झा, सब इंजीनियर, ई एण्ड एम/टी ए विभाग, दिलीप कुमार वर्मा, डाटा इंट्री ऑपरेटर, सीसीएल प्रेस विभाग, एजाज अनवर, डाटा इंट्री ऑपरेटर, पेंशन विभाग, रामावतार राम, सफाई कर्मचारी–III, नगर प्रशासन विभाग, बंशी डोम, सफाई कर्मचारी–III, नगर प्रशासन विभाग, जबार, चालक, भू–गर्भ विभाग तथा केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर से डॉ. मधु कुमारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जदू नाथ मर्दी, मुख्य प्रबंधक (स्टोर फार्मा), कार्तिक स्वांसी, मुख्य स्टोर कीपर को आज सीसीएल परिवार की ओर से सीसीएल मुख्यालय में "सम्मान समारोह" का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई। जनवरी माह में विभिन्न क्षेत्रों को मिलाकर पूरे सीसीएल से कुल 164 कर्मी सेवानिवृत्त हुए।

अवसर विशेष पर सेवानिवृत कर्मियों पर निर्मित शॉर्ट फिल्म का प्रदर्शन किया गया जिसके माध्यम से सेवानिवृत कर्मियों ने अपने–अपने कार्यानुभव एवं विचार व्यक्त किये। सेवानिवृत कर्मियों ने कहा कि कंपनी निरंतर नयी उंचाईयों को छू रही है और हम इसके उतरोत्तर विकास की कामना करते हैं।

सीएमडी, सीसीएल, श्री पी.एम. प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि आपके कड़ी मेहनत एवं योगदानों से ही कंपनी उच्च से उच्चतम शिखर की ओर अग्रसर है। आप सीसीएल परिवार के अभिन्न अंग हैं तथा कंपनी में सैदव ही आपका स्वागत रहेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि सीसीएल अपने वरिष्ठतम सदस्यों के और बेहतर सुविधाओं के लिए कार्य कर रही है।

निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (वित्त) श्री पी. के. मिश्रा, निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना), श्री बी. साईराम एवं सीवीओ, श्री पंकज कुमार ने अपने संबोधन में सभी सेवानिवृत हो रहे कर्मियों के जीवन के दूसरी पारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ जीवन की कामना की और कहा कि आपके कार्यानुभवों एवं विचारों से हम सभी प्रेरणा लेते हुए कंपनी को आगे बढाएंगे।

सम्मान समारोह का मंच संचालन विभागाध्यक्ष (कल्याण) श्रीमती रेखा पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कल्याण विभाग के कर्मियों का विशेष योगदान रहा।

# सोशल मीडिया में सीसीएल

**Central Coalfields Limited**
@CCLRanchi

Congratulations!!
#TeamCCL bagged the prestigious "7th ICSI-CSR Excellence Award" for the Best Corporate in the large company category.
Justice Sri P. Sathasivam, former Chief Justice of India, presented the award to Sri H.N.Mishra, Dir(P) CCL in the award ceremony held in Mumbai




Office of Pralhad Joshi and 5 others

8:43 PM · 06/01/23 · **2,184** Views

Add another Tweet

**Central Coalfields Limited**
@CCLRanchi

CCL's first electric vehicle was launched by Secretary (Coal). CCL has hired 16 E-Vehicles to reduce pollution. Sri M.Nagaraju,Additional Secretary(Coal) along with Sri Pramod Agrawal, Chairman CIL, Sri P.M. Prasad, CMD CCL, Directors, CVO were present on the occasion.



Coal India Limited and 5 others

**Central Coalfields Limited**
@CCLRanchi

सीसीएल सीएसआर के तहत विभिन्न योजनाओं के माध्यम से स्टेकहोल्डर्स एवं ग्रामीणों के लिए कई लोक कल्याणकारी कार्य करती है. इसके लिए बोकारो जिला प्रशासन द्वारा गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर सीसीएल को विशेष स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया.
TeamCCL को बधाई!

Translate Tweet




Office of Pralhad Joshi and 6 others

4:27 PM · 28/01/23 · **2,370** Views

View Tweet activity

**69** Likes **36** Retweets

Add another Tweet

**Central Coalfields Limited**
@CCLRanchi

Congratulations #TeamCCL on setting new benchmarks
CCL registered 15% growth in coal production, 11% growth in OB removal and 6% coal Offtake during April to Dec 22 compared to the same period in last FY
This exemplary performance is a result of dedicated efforts of coal warriors




Tweet

**Central Coalfields Limited**
@CCLRanchi

Sri Amrit Lal Meena, Secretary(Coal), visited Sports Academy, Khelgaon. He was accompanied by Sri M.Nagaraju, Addn Sec, Sri Pramod Agrawal, Chairman CIL,Sri P.M.Prasad,CMD CCL and directors. He inspected the facilities,interacted with cadets and motivated them .#CclCsrInitiative



Office of Pralhad Joshi and 5 others

10:57 AM · 11/01/23 · **2,612** Views


सम्पादक : अनुपम कुमार राणा, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क), जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : मयंक कश्यप, उप प्रबंधक (सीडी), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित। (आंतरिक वितरण हेतु)


CCLRanchi | CentralCoalfieldsLtd | centralcoalfieldsltd | Central Coalfields Limited